# राज्य में 1,607 करोड़ के निवेश प्रस्तावों को मिली मंजूरी

राब्यू, जागरण● लखनऊ: कैबिनेट ने देवरिया, गौतमबुद्ध नगर, फर्रुखाबाद और शाहजहांपुर में 1,607 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्तावों को स्वीकृति प्रदान की है। इसके आधार पर जल्द ही संबंधित कंपनियों को लेटर आफ कंफर्ट जारी किए जाएंगे। औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने बताया कि मेसर्स फारएवर डिस्टिलरी प्राइवेट लिमिटेड को देवरिया में 250.12 करोड़, वाईटीटी इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड को शाहजहांपुर में 277.86 करोड़, मेसर्स ओकासगंगा एग्रीटेक प्राइवेट लिमिटेड को गौतमबुद्धनगर में 510.20 करोड़ व वुडपेकर ग्रीनएग्री न्यूट्रिएंट्स प्राइवेट लिमिटेड को फर्रुखाबाद में 570 करोड़ के निवेश को लेकर लेटर आफ कंफर्ट जारी किए जाएंगे। औद्योगिक निवेश एवं रोजगार प्रोत्साहन नीति-2022 के तहत वृहद श्रेणी में 50-200 करोड़, मेगा श्रेणी में 200-500 करोड़, सुपर मेगा श्रेणी में 500-3,000 करोड़ व अल्ट्रा मेगा श्रेणी में 3,000 करोड़ से अधिक की लागत वाली औद्योगिक इकाइयों को प्रोत्साहन दिए जा रहे हैं। फारएवर डिस्टलरी देवरिया में एथनाल व एक्स्ट्रा न्यूट्रल अल्कोहल के उत्पादन का विस्तार के लिए संयंत्र स्थापित करेगी।